# कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहरसा।

## (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

Email : bep.saharsa@gmail.com

## सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक : **2215** दिनांक **27.04.2026** के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों यथा अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया के नियोजन हेतु समय–सारणी निर्गत की गयी है। निर्गत समय–सारणी एवं दिये गये निर्देश तथा जिला नियोजन समिति, सहरसा के दिनांक **24.07.2026** को आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में सहरसा जिलान्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों यथा अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया के रिक्त पदों के विरूद्व शेष बचे आवेदकों/आवेदनकर्ता का काउन्सिलिंग में अंतिम तिथि निम्न रूपेण निर्धारित किया जाता है :–

1. काउन्सिलिंग दिनांक **–10.08.2026 एवं 11.08.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक +2 जिला स्कूल, सहरसा के सभागार में आयोजित किया जायेगा।**
2. पदवार निर्धारित तिथि :–

| क्रम संख्या | काउन्सिलिंग की निर्धारित तिथि | काउन्सिलिंग की निर्धारित समय | पद का नाम | काउन्टरवार उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी का पोर्टल क्रम संख्या | | | | | | कुल अभ्यर्थी की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1 | 10.08.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | रात्रि प्रहरी/चौकीदार | क्रम सं0 01 से 125 | क्रम सं0 126 से 251 | क्रम सं0 252 से 377 | क्रम सं0 378 से 503 | क्रम सं0 504 से 629 | क्रम सं0 630 से 736 | 736 |
| 2 | 11.08.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | अनुसेवक | क्रम सं0 01 से 150 | क्रम सं0 151 से 300 | क्रम सं0 301 से 457 | – | – | – | 457 |
| 3 | 11.08.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | मुख्य रसोईया | – | – | – | क्रम सं0 1 से 100 | क्रम सं0 101 से 206 | – | 206 |
| | 11.08.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | सहायक रसोईया | – | – | – | – | – | क्रम सं0 01 से 129 | 129 |

3. सभी संबंधित अभ्यर्थी उपरोक्त तालिका एवं संलग्न सूची के अनुसार काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समयवधि में अपने आवेदित क्रमांक के अनुसार उपस्थित होंगे।
4. सभी संबंधित अभ्यर्थी को काउन्सिलिंग के समय अपने आवेदन पत्र, उसके साथ संलग्न शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए क्रिमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र) जाति, निवास प्रमाण पत्र, 04 फोटो, अनुभव प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक अभिलेख/दस्तावेज की मूल प्रति एवं स्वच्छ स्व–अभिप्रमाणित दो प्रति लेकर आयेगें।
5. काउन्सिलिंग हेतु अभ्यर्थियों की सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय (शिक्षा भवन, सहरसा) के सूचना पट्ट पर चिपकाया गया है। कार्यालय आदेश एवं पदवार निर्धारित तिथि, समय, स्थल एवं काउन्टर संख्या जिले के वेबसाईट saharsa.bih.nic.in एवं www.bepsaharsa.org पर प्रकाशित किया गया है।
6. काउन्सिलिंग हेतु +2 जिला स्कूल, सहरसा के सभा कक्षा में **दिनांक 10.08.2026 एवं 11.08.2026** को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी। प्रत्येक दिवस अभ्यर्थी के काउन्सिलिंग हेतु काउन्टर निर्धारित है, तदनुसार ही काउन्सिलिंग की जाएगी। **ध्यान रहे काउन्सिलिंग हेतु यह अंतिम अवसर है। इसके बाद किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।**

**अनुलग्नक :– यथोक्त।**

27/7/26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, सहरसा।

Mahesh 27/7/26

27/7/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सहरसा।

ज्ञापांक : SSA/ KGBV/2026–27 / 1096 सहरसा, दिनांक 27/07/2026

प्रतिलिपि – सभी संबंधित अभ्यर्थी, जिला – सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – प्रधानाध्यापक, +2 जिला स्कूल, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त कार्य हेतु 03 कमरा एवं एक हॉल उपलब्ध कराया जाय।

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, सहरसा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उपलब्ध कराये जा रहे Excel Sheet के आधार पर सभी अभ्यर्थियों को SMS के माध्यम से काउन्सिलिंग से संबंधित सूचना भेजने का कष्ट किया जाय।

प्रतिलिपि – जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि संलग्न कार्यालय आदेश को जिला के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट किया जाय।

प्रतिलिपि – उप विकास आयुक्त, सहरसा की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि – जिला पदाधिकारी, सहरसा की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि – राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

27/7/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सहरसा।